दिन– गुरुवार | दिनांक– 15 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – किसानों के प्रयास से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है।

02. बांका, नवादा और सिवान में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा हुआ। केन्द्र सरकार को भेजी जायेगी रिपोर्ट।

03. दिल्ली उच्च न्यायालय ने आई.आर.सी.टी.सी. घोटाला मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के खिलाफ चल रहे मुकदमे पर रोक लगाने से किया इनकार।

04. और, प्रदेश के कई भागों में आज भी आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाइट———

हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार पर्यावरणीय हितों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ खेती के लिए काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया।

———बाइट———

————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और पशुधन को बढ़ाने के लिए पशु नस्ल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि दो सौ छियालीस विभिन्न नस्लों की पहचान की गई है, जिन्हें संरक्षित किया जाना है।

———बाइट———

————————————————————————

प्रदेश में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा हो गया है। बांका, नवादा और सीवान में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए पिछले साल सर्वे का काम शुरू हुआ था। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि परमाणु बिजली घर बनाने के लिए सर्वे रिपोर्ट मिल गयी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के सभी पहलुओं पर अध्ययन किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार को भी इस रिपोर्ट की जानकारी दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि बिजली घर बनाने को लेकर जल्द ही ठोस निर्णय लिये जायेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल से पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। पहले चरण में यह यात्रा सोलह से चौबीस जनवरी के बीच होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री पूर्वी चमपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में लोगों से संवाद करेंगे। वहीं, श्री कुमार अपनी प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी लेंगे। कैबिनेट विभाग ने समृद्धि यात्रा को लेकर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश भेज दिये हैं। यह मुख्यमंत्री की सोलहवीं यात्रा है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि` साईबर अपराध इकाई और विशेष शाखा के लिए पटना में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नये भवन का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण पर इक्यावन करोड़ उन्नीस लाख रूपये खर्च किये जागेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि यह भवन बिहार पुलिस की तकनीकी क्षमता को नई दिशा देगा। साथ ही साईबर अपराध के बढ़ते मामलों की जांच और उस पर नियंत्रण प्रक्रिया में तेजी आयेगी।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जमीन से जुड़े मामलों में समय पर और एक समान न्याय मिलना चाहिए। श्री सिन्हा ने पटना में कहा कि राजस्व न्यायालयों में आम नागरिक न्याय मिलने की उम्मीद से आते हैं। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान महसूस किया कि बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था से न्याय प्रक्रिया को ज्यादा सुगम और सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है।

———————————————————————————

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से जुड़े आई.आर.सी.टी.सी. घोटाला मामले में चल रहे मुकदमे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि

मुकदमा जारी रहेगा, लेकिन गवाहों से जिरह अगले सप्ताह तक की जा सकती है। तब तक अदालत द्वारा पिता–पुत्र द्वारा आरोपों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है। लालू प्रसाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने तर्क दिया कि याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान मुकदमे पर रोक लगाने के संबंध में सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध किया गया था।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं मुख्य परीक्षा पच्चीस से तीस अप्रैल के बीच आयोजित किये जाने की सम्भावना है। आयोग ने परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की ये सम्भावित तिथियां हैं और विस्तृत कार्यक्रम बाद में जारी किया जायेगा। इस परीक्षा के माध्यम से एक हजार नौ सौ अंठानवे पदों के लिए बहाली होनी है। अठारह नवम्बर को हुई प्रारंभिक परीक्षा में तेरह हजार नौ सौ अड़सठ अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा में तीन लाख सोलह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुये थे।

————————————————————————

राज्य में यूपीएससी, बीपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षाओं में सफल रहे अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आठ हजार चार सौ बीस अभ्यर्थियों को सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला है। इस योजना की शुरूआत वर्ष दो हजार अठारह में हुई थी। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत अब तक तैंतालीस करोड़ बीस लाख रूपये की राशि हस्तांतरित की गयी है।

————————————————————————

प्रदेश के कई भागों में आज भी आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि श्रद्धालु पवित्र स्नान के बाद पूजा–पाठ कर दान–पुण्य कर रहे हैं। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मकर संक्रांति का त्योहार कल मनाया गया। इधर, सिवान में मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक लोक गीतों का भी प्रस्तुतिकरण हुआ। रोहतास जिले के नोखा प्रखंड अन्तर्गत मोजराढ मेले का आयोजन किया गया। विशाल पोखड़ा के पीड़ पर आयोजित मेले में परंपरा और संस्कृति का अद्‌भूत मेल दिखा। वहीं, नालंदा के राजगीर में यूथ हॉस्टल मैदान में सात दिवसीय ऐतिहासिक मकर मेले की शुरूआत हुई। इसमें कई प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

————————————————————————

राजधानी पटना में ग्यारह जगहों पर आग से बचाव के लिए नये हाईड्रेंट लगाये जायेंगे। पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति ने इसकी मंजूरी प्रदान कर दी है। आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से शहर के प्रमुख स्थानों पर इसे स्थापित किया जायेगा। पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने कहा कि फायर हाईड्रेंट लगने से मौके पर अग्निशमन से जुड़े वाहनों को पर्याप्त पानी की सुविधा मिलेगी। आपदा प्रबंधन विभाग ने इसके लिए एक करोड़ तेईस लाख रूपये की राशि उपलब्ध करा दी है।

————————————————————————

गया एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए उनतीस मार्च से सीधी उड़ानें शुरू होंगी। फिलहाल यह उड़ान समर सिजन के तहत संचालित की जायेगी। मुम्बई से उड़ान भरपर विमान दोपहर बाद तीन बजकर बीस मिनट पर गया पहुंचेगा और तीन बजकर पचास मिनट पर गया से यात्रियों को लेकर मुम्बई रवाना होगा।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आर्थिक लाभ देने वाली कोई योजना शुरू की है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि यह वीडियो फर्जी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई से बनाया गया है।

————————————————————————

विदेश मंत्रालय ने ईरान में राजनीतिक अस्थिरता स्थिरता के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है। इससे पहले भी मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों से पश्चिम एशियाई देश की गैर–जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था। इस बीच, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भी भारतीय नागरिकों को वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध परिवहन साधनों का उपयोग करके ईरान छोड़ने की सलाह दी है।

————————————————————————

अब खेल की खबरें......

नई दिल्ली में खेली जा रही उनतालीसवीं सब जूनियर क्योरूगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के बालिका अड़तीस किलोग्राम भार वर्ग में राज्य की पलक यादव ने कांस्य पदक प्राप्त किया है।

बेगूसराय जिले के तेघड़ा निवासी शिव कुमार का चयन भारतीय हैंड बॉल पुरूष टीम में हुआ है। शिव कुमार आज से कुवैत में होने वाली बाईसवीं एशियाई हैंड बॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

मगध विश्वविद्यालय बोधगया की टीम ने ओडिशा में खेले जा रहे गये ईस्ट जोन अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में कलिंगा विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को चौवालीस रनों से पराजित कर दिया।

नालंदा के हरनौत में पच्चीस तथा पचास मीटर इंडोर शूटिंग रेंज के निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति मिल गयी है। यह जानकारी जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दी है।

---

शिवहर के गांधी नगर भवन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ झा की पूण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के हरसिद्धि स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड कार्यालय की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पीजी मेडिकल की अठारह हजार सीटें खाली रह जाने पर मंत्रालय के निणर्य को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– शून्य पर्सेंटाईल पर भी मेडिकल पीजी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– गृह विभाग का प्रस्ताव, अब इंस्पेक्टर की जगह दारोगा भी कर सकेंगे साईबर कांडों की जांच।

दैनिक भास्कर लिखता है– स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड...बासठ हजार चार सौ छत्तीस युवा नहीं दे रहे मूलधन, इन पर केस होगा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– ईरान में बिगड़े हाताल, भारत ने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने को कहा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – किसानों के प्रयास से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है।

02. बांका, नवादा और सिवान में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा हुआ। केन्द्र सरकार को भेजी जायेगी रिपोर्ट।

03. दिल्ली उच्च न्यायालय ने आई.आर.सी.टी.सी. घोटाला मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के खिलाफ चल रहे मुकदमे पर रोक लगाने से किया इनकार।

04. और, प्रदेश के कई भागों में आज भी आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।